अमर उजाला

नई दिल्ली
शनिवार, 15 फरवरी 2020

प्रदूषण पर वार — एक अप्रैल से सिर्फ बीएस-छह मानक वाले वाहन ही बिकेंगे — दिल्ली-एनसीआर

रेजिडेंट्स विकास में निभाते हैं जिम्मेदारी

मेरी सोसायटी मेरी शान

माई सिटी रिपोर्टर

साहिबाबाद। वैशाली सेक्टर-4 की गौड़ हाइट्स सोसायटी में बच्चों के खेलने के लिए पार्क और किड्स रूम, जिम, स्वीमिंग पूल और बुजुर्गों के लिए लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध हैं। सोसायटी की सुरक्षा के प्रति भी एओए अलर्ट रहती है और पदाधिकारी लगातार सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहते हैं।

वैशाली सेक्टर-4 स्थित गौड़ हाइट्स सोसायटी में है जिम और स्वीमिंग पूल की सुविधा

वैशाली सेक्टर-2 स्थित गौड़ हाइट्स में 256 फ्लैट हैं, जिनमें 700 लोग रह रहे हैं। वैशाली की यह सोसायटी मेन मार्केट और मेट्रो स्टेशन की लोकेशन पर है। बाहरी सुविधाओं के साथ ही सोसायटी के अंदर की व्यवस्थाएं भी दुरुस्त हैं। सोसायटी के रेजिडेंट्स का कहना है कि सोसायटी बहुत बड़ी नहीं है लेकिन यहां रह रहे लोगों के लिए लगभग सभी सुविधाएं हैं। बच्चे बड़े व बुजुर्ग सभी की दृष्टि से सुविधाएं हैं, जिसे एओए ने और बेहतर बना दिया है। लाइब्रेरी जिसे बुजुर्गों का कोना कहा जाता है। यहां धार्मिक पुस्तिकाओं के साथ ही अखबार व विभिन्न मैग्जीन भी उपलब्ध होते हैं। बुजुर्गों के साथ ही बच्चों का किड्स रूम भी काफी लोकप्रिय है। यहां बच्चे आकर विभिन्न इनडोर गेम खेलते हैं।

हम लोग रेजिडेंट्स को सुविधा मुहैया कराते हैं साथ ही अपनी कमियों के लिए भी समीक्षा करते हैं। हर माह होने वाली मीटिंग में लोगों से सोसायटी को और कैसे बेहतर बनाया जाए, इस पर चर्चा होती है। **भुवन**

सोसायटी में बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए रेजिडेंट्स भी हमेशा आगे रहते हैं। सोसायटी में लगातार अवेयरनेस कैंप आयोजित किए जाते हैं।

-उमेश कुमार गुप्ता

सोसायटी में कभी किसी तरह का विवाद नहीं होता, यहां की सबसे बड़ी खूबी है। हम लोग अपनी सुविधाओं को लेकर जागरूक हैं और मिलकर शासन-प्रशासन तक अपनी बात रखते हैं। **-स्नेहा सिंह**

सोसायटी की सबसे प्रमुख बात यहां की सिक्योरिटी है। हम सोसायटी में रहने वाले हर व्यक्ति की सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। गेट से लेकर सोसायटी के हर कोने में सीसीटीवी लगवाए हुए हैं।

-अजीत ठाकुर